'उद्यमी अपनी यूनिट को समय पर अपग्रेड करते रहें ताकि समस्याओं से जूझना ना पड़े'

बीकानेर,(कासं)। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के. के. बिश्नोई ने कहा कि उद्यमियों को पहले ऑफिस-ऑफिस खेलना पड़ता था लेकिन अब उनका काम घर बैठे हो रहा है। साथ ही कहा कि जिस तरह हम अपना मोबाइल समय- समय पर अपग्रेड करते हैं ताकि वह हैंग ना हो। उसी तरह उद्यमी भी अपनी यूनिट को समय-समय पर अपग्रेड करते रहें ताकि समस्याओं से ना जूझना पड़े।

विश्नोई लघु उद्योग भारती की बीकानेर इकाई द्वारा रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित रिद्धि सिद्धि भवन में आयोजित उद्यमी सम्मेलन में अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में उद्यमियों की ओर से जितनी भी समस्याएं बताई गई हैं। उनका सरकार स्तर पर जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा और उद्योग जगत को सभी सुविधाएं देने का भी हम भरपूर प्रयास करेंगे। साथ ही कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब हम पूरे विश्व में उद्योग के क्षेत्र में परचम लहरायेंगे।

उद्योग राज्य मंत्री ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने को लेकर हम सब संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान का ऐतिहासिक आयोजन कर 33 लाख करोड़ के एमओयू किए गए हैं। जिनमें से 3 लाख करोड़ के एमओयू जमीन पर उतारे जा चुके हैं। प्रत्येक महीने की 11 तारीख को इसकी समीक्षा की जा रही है। दो साल बाद फिर राइजिंग राजस्थान आयोजित किया जायेगा। किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए सरकार संकल्पित है। कार्यक्रम में चार महिला उद्यमियों ललिता डागा, मीना चौधरी, संतोष बाहेती और इंदिरा पेडीवाल को उनकी उद्यमशीलता को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

लघु उद्योग भारती की ओर से आयोजित उद्यमी सम्मेलन को उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने संबोधित करते।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि हमारा देश हजारों वर्षों तक उद्योग में सिरमौर रहा। पूरी दुनियां की जीडीपी में हमारे देश का योगदान 27 प्रतिशत था। हमारे यहां के वस्त्र, मसाले, हैण्डीक्राफ्ट का सामान, लोहे का सामान, औषधियां इत्यादि विश्व के कोने- कोने तक जाती थी और बाहर से सोना हमारे देश में आता था। देश सोने की चिडिया कहलाता था। हम किसी को लूट कर सोने की चिडिया नहीं बनें बल्कि घर-घर उद्योग और मेहनत के जरिए यह हासिल किया। लेकिन आपसी फूट ने हमें कमजोर कर दिया। बाहर से आये आक्रांताओं ने देश के औद्योगिक ताने बाने को छिन्न भिन्न कर दिया। उद्योग के क्षेत्र में अगर हम मैं और मेरा का भाव छोड़कर सामूहिकता से प्रयास करें तो फिर से सब कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब उद्योग रूपी पेड़ को फिर से मजबूती से खड़ा करने की जरूरत है ताकि हम देश-दुनिया को फिर से फल,फूल व सुगंध दे सकें।

इससे पूर्व बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि बीकानेर में अगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की फूड टेस्टिंग लैब स्थापित हो जाए तो छोटे उद्यमी अपने माल का यहीं टेस्टिंग करवाकर बाहर भेज पायेंगे। साथ ही कहा कि प्राइवेट लैंड पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने पर पहले रीको से एनओसी लेनी पड़ती थी। जिसे सरकार ने हटाकर बड़ी राहत प्रदान की है ताकि राज्य में उद्योगों का निर्बाध रूप से विकास हो सके।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक लघु एवं सूक्ष्म उद्योग हैं जो कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध करवाते हैं। जीडीपी में 35 प्रतिशत का योगदान करते हैं। उत्पादों की कीमत कम कैसे हो, इस पर काम किया जा रहा है।

- **लघु उद्योग भारती की ओर से उद्यमी सम्मेलन आयोजित**

प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़ ने कहा कि लघु उद्योग भारती ने टीपी हटवाने, पीओपी में इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने से लेकर हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर क्षेत्र में एनजीटी के एक आदेश से बंद होने की कगार पर आ गए ईंट भट्टों की समस्या समेत अन्य बड़ी समस्याओं का समाधान करवाया है। सम्मेलन को लघु उद्योग भारती के जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष महावीर चौपड़ा, उपाध्यक्ष बालकृष्ण पडिहार ने भी संबोधित किया। बीकानेर प्रांत के अध्यक्ष हर्ष कंसल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि 1994 में स्थापना से लेकर अब तक लघु उद्योग भारती एक पेड़ बन चुका है। जिसकी देश भर में 960 इकाई के करीब 55 हजार सदस्य हो चुके हैं। बीकानेर में 537 सदस्य बन चुके हैं। कार्यक्रम में सेंट्रल जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर भूपेन्द्र छिंपा, जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, जोधपुर प्रांत से सुरेश बिश्नोई, महिला विंग से बिन्दु जैन, जिला उद्योग संघ अध्यक्ष डीपी पचीसिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल राठी, मोहन सुराणा,जयनारायण गोयल, जैन महासभा से श्री विनोद बाफना समेत जिले के उद्योग जगत के जाने माने उद्यमी समेत बड़ी संख्या में महिला उद्यमी भी उपस्थित रही।

जैनाचार्य का गाजे-बाजे से नगर प्रवेश

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के जैनाचार्य, श्रुत भास्कर, गच्छाधिपति आचार्यश्री धर्मधुरंधर सूरिश्वर महाराज अपने सहवृति मुनियों तथा उनकी सांसारिक माताजी साध्वी अमित गुणाजी (माताजी महाराज) ने सहवृति साध्वियों के साथ मंगलवार को गाजे बाजे से नगर प्रवेश किया।

गोगागेट के बाहर वल्लभ चौक के पास स्थित गौड़ी पार्श्वनाथ से रवाना हुआ नगर प्रवेश का जुलूस विभिन्न मार्गों, जैन बहुल्य मोहल्लों से होते हुए रांगड़ी चौक की पौषधशाला पहुंचकर धर्मसभा में बदल गया। धर्म सभा में जैनाचार्य धर्मधुरंधर ने कहा कि राम भक्त हनुमान की तरह देव, गुरू व धर्म के प्रति समर्पण रखें। वल्लभ नगरी के रूप में विख्यात बीकानेर के श्रावक-श्राविकाएं जिनेश्वर परमात्मा, गुरू व धर्म के प्रति हनुमान की तरह वर्षों से समर्पण रखकर जिन शासन की सेवा कर रहे है।

यह अनुकरणीय है। मुनि ऋषभ चन्द्र विजय ने कहा कि अपनी दृष्टि व सोच को बदले। दृष्टि व सोच को बदलने से सृष्टि बदल सकती है। कार्यक्रम में कोचर मंडल, सौम्य मंडल, आराधना मंडल, ओस्तरा मंडल, वीर मंडल ने भक्ति व स्वागत गीत प्रस्तुत किए। साध्वी पीयूष पूर्णाश्रीजी ने गुरू स्तुति की। श्री जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के मंत्री विजय कोचर ने जैनाचार्य, मुनिवृंद व साध्वीवृंद का स्वागत किया तथा विहार के दौरान हुई किसी तरह की असातना पर क्षमा याचना की। जैनाचार्य विजय धर्मधुरंधर सूरिश्वर एवं साध्वी अमितगुणाजी आदिठाणा के नगर प्रवेश के जुलूस में नागौर व पंजाब की ढोल तासा पार्टी ने अनेक करतब दिखाए।

सार-समाचार

आहुजा के बयान पर विरोध-प्रदर्शन

ज्ञानदेव आहुजा की नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के राम मंदिर में प्रवेश व पूजा के संबंध में दिए बयान पर पुतला दहन किया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर जिला कांग्रेस कमेटी शहर व देहात के संयुक्त तत्वावधान में तथा शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत व देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर 01 बजे अम्बेडकर सर्किल पर भाजपा के दलित विरोधी बयान पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि ज्ञानदेव आहुजा की नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के राम मंदिर में प्रवेश व पूजा के संबंध में की गई निम्न स्तरीय टिप्पणी से भाजपा का दलित विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि नरेंद्र मोदी के चहेते भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा का कहना है कि दलित अपवित्र होते हैं। जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता और दलितों के प्रति ईर्ष्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी 36 कौम को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है तथा विविधता में एकता बनाए रखते हुए राष्ट्र हित में सदैव तत्पर रहती है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन इकठ्ठा हुए और भारतीय जनता पार्टी के नेता ज्ञानदेव आहुजा द्वारा दलित विरोधी मानसिकता के तहत नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के विरूद्ध की गई निम्न स्तरीय टिप्पणी के विरोध में नारेबाजी की तथा भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। जिला संगठन महामंत्री मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में पीसीसी के पदाधिकारी गजेन्द्र सांखला, सुषमा बारूपाल, विक्रम स्वामी,ओमप्रकाश लोहिया, गजानन्द शर्मा देहात कांग्रेस से अम्बाराम इणखिया, ओमप्रकाश मेघवाल, प्रेमप्रकाश सारण, पृथ्वीराज कूंकणा, श्रवण मदेरणा, पूनमचंद भाम्भू, बृजलाल गोदारा, सीताराम डूडी, शिवदान मेघवाल, मनोज व्यास, मदनलाल चौहान, लुम्बाराम गोयल, लालाराम ज्याणी,खैराज कस्वा, राधाकिशन ज्याणी, सुरजाराम, आशाराम, कैलाश, मांगीलाल, राकेश राइका सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

पोषण पखवाड़ा के पोस्टर का विमोचन

विधायक जेठानंद व्यास ने महिला बाल विकास विभाग के सप्तम पोषण पखवाड़ा के पोस्टर का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। जिला प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोषण अभियान के तहत 8 से 22 अप्रैल तक 'सप्तम पोषण पखवाड़ा' मनाया जायेगा। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसी श्रृंखला में बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मंगलवार को पोषण पखवाड़े का शुभारंभ किया। विधायक और जिला कलेक्टर ने पोस्टर विमोचन किया। जिला कलेक्टर ने रैली को हरी झंडी दिखाई। विधायक व्यास ने महिलाओं को सुपोषण के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के प्रारंभिक हजार दिवसों में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक विकास के प्रति गंभीरता बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि आमजन को मोटा अनाज का उपयोग व गुणवत्ता के प्रति जागरूक किया जाए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जिले की 150 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई सुपोषण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर परिसर से रवाना किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेना चाहिए, जिससे गर्भवती महिलाओं और शिशु के पोषण स्तर में सुधार होगा। उन्होंने आमजन से पोषण एवं पौष्टिक आहार से जुड़ी वस्तुएं जैसे कि मोटा अनाज, अंकुरित अनाज, प्रोटीन युक्त आहार आदि का प्रतिदिन सेवन करने का आव्हान किया।

हड़ताल से सिलेंडरों की सप्लाई आधी

बीकानेर, (कासं)। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोशन लिमिटेड के साथ कार्यरत ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का असर बीकानेर सहित पूरे राजस्थान में गहराता जा रहा है। चौथे दिन भी हड़ताल जारी रहने से जिले में रसोई गैस की सप्लाई लगभग 50 प्रतिशत तक घट गई है। इससे न केवल घरेलू उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं बल्कि गैस एजेंसियों की होम डिलीवरी सेवाएं भी ठप पड़ गई हैं। बीकानेर जिले में कार्यरत 26 ट्रांसपोर्टरों ने बीपीसीएल अधिकारियों को समय-समय पर अपनी समस्याओं से अवगत कराया लेकिन समाधान न मिलने से वे गाडियां खड़ी करने को मजबूर हो गए। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकाला गया तो बीकानेर सहित पूरे क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडरों की गम्भीर किल्लत हो सकती है। प्रशासन और बीपीसीएल को इस मसले पर शीघ्रता से कार्रवाई करनी चाहिए।

ओपीडी के बाद कैमरे भी बंद हो जाते हैं, रिकॉर्ड नहीं होती चोरियां

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम अस्पताल परिसर में 260 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। आउटडोर समय खत्म होने के बाद बाहर लगे कैमरे बंद हो जाते हैं। इस वजह से वाहन चोरी होने की घटनाएं रिकॉर्ड नहीं हो पाती। नर्सिंग ऑफिसर ने अधीक्षक से कहा है कि सुरक्षा घेरा 360 डिग्री का होना चाहिए।

- **पीबीएम अस्पताल परिसर में 260 सीसीटीवी कैमरे फिर भी वाहन चोरी होने की घटनाएं रिकॉर्ड नहीं हो पाती**

पीबीएम नर्सिंग एसोसिएशन ने सोमवार को अधीक्षक से मुलाकात की अपनी समस्याएं रखीं और 11 सूत्रीय ज्ञापन दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष रविन्द्र बिश्नोई ने कहा कि अस्पताल में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में एक नर्सिंग ऑफिसर की बाइक चोरी हो गई। मैन गेट पर लगा सीसीटीवी कैमरा बंद होने के कारण चोर का पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि बाहर लगे कैमरे दोपहर दो बजे के बाद बंद कर दिए जाते हैं। जबकि 24 घंटे चालू रहने चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बैड और मरीजों की संख्या को देखते हुए नर्सिंग ऑफिसर के नए पदों का सृजन, स्टाफ कैंटीन की व्यवस्था, नव चयनित नर्सिंग ऑफिसर्स को वेतन भुगतान, राजकीय आवासों की मरम्मत व सफाई कराने, ब्लैकमेलर और लपकों पर कार्यवाही करने तथा पार्किंग व फोटो कॉपी की अवैध वसूली रोकने की मांग ज्ञापन में की है। अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए लपकों पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी वार्ड इंचार्ज को सौंपी है।

पिछले दिनों बच्चा अस्पताल में भर्ती बच्चों की दूर रात खून की जांच निजी लैब से कराने के मामले में दोषी नर्सिंग ऑफिसर के साथ डीडीसी पर काम करने वाला अटेंडेंट सहित एक-दो और बाहरी लोग थे। इसलिए ऐसे लोगों के अस्पताल या वार्ड में नजर आने पर तत्काल सुरक्षा गार्ड के सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए हैं। नर्सिंग अध्यक्ष और निजी सचिव के बीच विवाद प्रिंसिपल के पास पहुंचा अर्जेंट टेम्प्रेरी बेस पर कार्यरत पीबीएम नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रविन्द्र बिश्नोई और अधीक्षक के निजी सचिव सहायक प्रशासनिक अधिकारी ताहिर अजीज शेख का विवाद मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल तक जा पहुंचा। उन्होंने सोमवार को दोनों को बुलाकर डांट लगाई और समझौता कराया। नर्सिंग नेता को हिदायत दी कि आगे से शिकायत पर सख्त कार्यवाही होगी।

चोरी की बाइक मंदिर के आगे रख माफी मांगी

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में मंदिर के आगे चोरी की बाइक वापस रखते हुए युवक का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। ये युवक न सिर्फ चोरी की बाइक वापस रख रहा है, बल्कि भगवान के आगे कान पकड़कर माफी मांग रहा है और उठक बैठक कर पश्चाताप भी कर रहा है।

श्रीडूंगरगढ़ के तोलियासर गांव में स्थित विख्यात काल भैरव मन्दिर के सामने से 2 अप्रैल को बाइक चोरी हो गई थी। बाइक मालिक इसे ढूंढ रहा था लेकिन अचानक ये वापस मंदिर के आगे ही नजर आ गई। जिस गेट के आगे बाइक रखी गई थी, वहां सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है। चैक करने पर हैरत करने वाला दृश्य नजर आया। सीसीटीवी में नजर आया कि भैरव मंदिर के आगे आरती के समय बाइक को वापस गेट के सामने खड़ा कर दिया।

आत्महत्या के लिए उकसाने वाली गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। सेतिया कॉलोनी क्षेत्र में युवक गोविन्द शर्मा को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की आरोपी नेहा शर्मा ने कोतवाली थाना में गिरफ्तारी दे दी।

- **सुसाइड नोट में लगाया था प्रताड़ना का आरोप**

थानाधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि आरोपिया ने थाने में आकर गिरफ्तारी दी है। गिरफ्तारी के बाद महिला से पूछताछ जारी है। इस मामले में नेहा शर्मा के पति की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इससे पहले मृतक के परिजनों और सर्व समाज के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली थाना के सामने प्रदर्शन किया। इन लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव कर आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की।

हंगामे और नारेबाजी के बाद पुलिस ने कुछ समय बाद ही नेहा शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। नेहा के पति अनिल शर्मा की गिरफ्तारी को लेकर भी आश्वासन दिया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी, हनुमान सर्राफ, श्यामलाल शेखावाटी, इंदर शर्मा, योगेश शर्मा आदि मौजूद थे। मृतक गोविंद शर्मा के भाई गौरव शर्मा ने बताया कि 12 मार्च को गोविंद शर्मा बिना कुछ बताए घर से निकल गया था। गोविंद ने बारहमासी नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव 22 एमएल के पास बरामद हुआ था। गोविंद शर्मा ने सुसाइड नोट में मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था। मृतक के परिवार ने पड़ौसी अनिल शर्मा और उसकी पत्नी नेहा पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप लगाया था।

मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ में की जनसुनवाई

हनुमानगढ़/जयपुर, । मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपने हनुमानगढ़ एवं श्रीगंगानगर जिले के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन मंगलवार को हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की। शर्मा ने आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनापूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को उनके उचित निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का मुख्यमंत्री द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया। मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ ली चाय की चुस्कियां इससे पहले शर्मा ने अपने व्यस्त दौरे के बीच हनुमानगढ़ में टाउन रोड स्थित एक थड़ी पर रूककर चाय पी तथा यूपीआई से भुगतान किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बात की तथा बच्चों को पास बुलाकर दुलार किया। मुख्यमंत्री श्री शर्मा नेइस दौरान रास्ते में अपना काफिला रूकवाकर सफाई कार्मिकों के साथ भी आत्मीयता से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी।

- **परिवेदनाओं का मौके पर ही किया निस्तारण**
- **लोगों से बात की तथा बच्चों को पास बुलाकर दुलार किया**

मुरलीधर शर्मा की देहदान

बीकानेर,(कासं)। रानी बाजार (मूल कांकरोली) निवासी मुरलीधर शर्मा पुत्र स्व. शालिगराम शर्मा का मंगलवार प्रातः 6.30 बजे स्वर्गवास हो गया। 97 वर्षीय मुरलीधर शर्मा ने कुछ वर्ष पूर्व ही देहदान का प्रपत्र भरकर दे दिया था। शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के मुरलीधर शर्मा के पुत्र विनोद ने मेडिकल कॉलेज में संपर्क कर 11.15 बजे देहदान किया।

इस अवसर पर शरद शर्मा, सत्यदेव, सुरेन्द्र शर्मा, गणेश शर्मा, मनोज सेवग सहित मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक सहित अन्य उपस्थित थे। मुरलीधर शर्मा अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीकानेर के शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के दो व्यक्तियों द्वारा देहदान का संकल्प पूरा किया है।

महिलाओं ने निगम आयुक्त ऑफिस का गेट तोड़ा

बीकानेर, (कासं)। पिछले कुछ सालों में बसी प्राइवेट कॉलोनियों में सुविधाएं नहीं देने के विरोध में महिलाएं उतर आई। इन महिलाओं को इतना गुस्सा आया कि नगर निगम आयुक्त के कमरे में घुसने के लिए गेट तक तोड़ डाला।

- **प्राइवेट कॉलोनियों में सुविधाएं नहीं देने के विरोध में महिलाएं सड़कों पर उतरी**
- **जयपुर रोड स्थित कॉलोनियों को निगम में शामिल करने की मांग**

बीकानेर के जयपुर रोड पर स्थित कॉलोनियों में रहने वालों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया था। जयपुर रोड की आधा दर्जन कॉलोनियों के लोगों ने एक साथ मिलकर यहां विरोध प्रदर्शन किया। ये लोग पैदल नगर निगम कार्यालय तक पहुंचे। जहां आयुक्त मयंक मनीष अपने कमरे में नहीं थे। ऐसे में गेट बंद कर दिया गया। प्रदर्शन में सबसे आगे खड़ी महिलाओं ने गेट को पैर से बार-बार मारा, जिससे गेट के नीचे का हिस्सा टूट गया। इसी टूटे हिस्से से महिलाएं अंदर घुस गई।

इन कॉलोनियों के सैकड़ों निवासी जूनागढ़ से पैदल मार्च करते हुए नगर निगम पहुंचे थे। उनकी मांग है कि जयपुर रोड स्थित कॉलोनियों को नगर निगम में समायोजित किया जाए। लेकिन जब वे निगम कार्यालय पहुंचे तो देखा कि नगर निगम आयुक्त का कमरा बंद है। ये देखकर मार्च में शामिल महिलाएं गुस्से में आ गई।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे कई बार आयुक्त को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हम बार-बार आ रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। अब हमारे पास यही रास्ता बचा था। फिलहाल नगर निगम की ओर से इस घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

निकाय शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व प्रकाश व्यवस्था पर ध्यान दें : राजेश यादव

बीकानेर, (कासं)। स्थानीय निकाय विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव ने कहा कि जिले के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छता तथा सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था को प्रभावी रखा जाए। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए यूजर चार्जेज संग्रहित किया जाए।

यादव ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने सभी निकायों में स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, यूडी टैक्स संग्रहण, नगरीय क्षेत्रों के एरिया वृद्धि प्रस्तावों सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की। उन्होंने एफएसटीपी प्लांट्स की स्थिति तथा इनके लिए भूमि आवंटन आदि की स्थिति के बारे में भी जाना। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों को चार हजार हूपर्स एवं एक लाख स्ट्रीट लाइट्स दी जानी प्रस्तावित हैं। इसके मद्देनजर प्रत्येक नगरीय निकाय अपनी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नगरीय निकाय द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए घरों के आधार पर यूजर चार्जर लिया जाए। इसके लिए वार्ड और मोहल्ला स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बीकानेर में स्थानीय निकाय विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव ने अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- **डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व यूडी टैक्स वसूली के निर्देश दिए**

यादव ने नगरीय निकाय वार सभी बिन्दुओं की समीक्षा की और कहा कि यूडी टैक्स वसूली को प्राथमिकता दी जाए। छोटी नगर पालिका क्षेत्रों के लोगों के नगरीय निकाय से जुड़ी अनुमति के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने नए कार्मिकों नगरीय निकायों से संबंधित नियमों और कानूनों का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकाय विभाग की उपनिदेशक को सभी नगर पालिकाओं की प्रतिमाह बैठक लेने के लिए कहा।

राजनैतिक द्वेषता से बनाई नई पंचायतें व पं समितियां : भाटी

बीकानेर, (कासं)। पूर्व ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा पंचायती राज इकाइयों व नगर निकायों के परिसीमन की छूट देने के बाद बीकानेर जिले में विशेषकर श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र में बनाई गई नवीन ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों में राजनैतिक द्वेषता व भेदभाव की नियत से कार्य किया गया है।

- **देशनोक नगर पालिका के वार्डों का परिसीमन भी नजदीकी वार्ड में सम्मिलित नहीं करके उन्हें भी राजनीति की भेंट चढ़ाया**

पूर्व मंत्री भाटी ने कहा की विधानसभा क्षेत्र श्रीकोलायत के कई गांवों को नजदीक की ग्राम पंचायत से हटाकर दूर की ग्राम पंचायत में सम्मिलित किया गया है। काफी ग्राम पंचायतों को पुरानी नजदीक की पंचायत समितियों से हटाकर नवीन दूर की पंचायत समितियां जैसे बीकानेर ग्रामीण, कोलायत, बीठनोक आदि में शामिल किया है, जो स्थानीय ग्रामीणों की सुविधाओं के अनुरूप नहीं है तथा प्रशासनिक दृष्टि से भी ग्रामीणों के साथ अन्याय किया गया है।

पूर्व मंत्री भाटी ने बताया की परिसीमन हमेशा ग्रामीणों की सुलभ पहुंच, उनकी सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाता रहा है। जबकि इस बार परिसीमन सिर्फ राजनीति में कई वर्गों को कमजोर करने के हिसाब से, छोटे- छोटे गांवों के ग्रामीणों को राजनीति का शिकार बनाकर दूर की ग्राम पंचायत में शामिल करना, जनभावना के अनुरूप कई ग्राम पंचायतें नहीं बनाना तथा कई ग्राम पंचायतों को दूर की पंचायत समितियों में शामिल करना आदि कई खामियां रखी गई है जो सरासर गलत है।

पूर्व मंत्री भाटी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि देशनोक नगर पालिका के वार्डों का परिसीमन भी वार्ड के निवासियों के अनुरूप नजदीकी वार्ड में सम्मिलित ना करके उन्हें भी राजनीति की भेंट चढ़ाया गया है जो सरासर अन्याय है। पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की है कि श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र के पंचायती राज व नगर निकाय के किए गए परिसीमन पर पुनर्विचार कर स्थानीय ग्रामीणों को उनकी सुविधा के अनुरूप उन्हें नजदीक की ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों में सम्मिलित कर जनहित में फैसला लेते हुए ही परिसीमन किया जाए।